राजस्थान पत्रिका

साइकिल यात्रा > पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे विद्यार्थी

जैन कॉलेज से हुई शुरुआत

जागरूकता फैलाएगी साइकिल यात्रा

बेंगलूरू
bangaluru@patrika.com

वन्यजीवों के प्रति लोगों को जागरुक बनाने के लक्ष्य के साथ जैन कॉलेज के एनसीसी विद्यार्थियों का एक समूह गुरुवार को नागरहोले तक की साइकिल यात्रा पर निकला। यात्रा 28 जनवरी को समाप्त होगी।

सात केएआर बीएन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पी.के. सिंह ने विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जैन डीम्ड विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन. सुंदरराजन, पीयू कार्यक्रमों के निदेशक डॉ. बी.टी. वेंकटेश तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षक भी उपस्थित थे।

सिंह ने कहा कि यात्रा के बहाने एनसीसी कैडेट्स को मार्ग में वास्तविक भारत से जुड़ने का मौका मिलेगा। पर्यावरण संरक्षण से

साइकिल यात्रा पर निकलने की तैयारी में जैन कॉलेज के एनसीसी विद्यार्थियों का एक समूह।

संबंधित मुद्दों पर जागरुकता का संदेश देना तथा युवाओं को एनसीसी से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने जैसा होगा।

दूसरे वर्ष के छात्र हर्षित ने बताया कि वे साइकिल यात्रा का हिस्सा बनकर रोमांचित महसूस कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि वे मंजिल को पाकर ही लौटेंगे।